तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 जनवरी 2025

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

14 पुलगांव नाला पर रिसामा में 3 करोड़ की लागत से बनेगा ...



13 जिस वार्ड में जाएंगे अधिकारी-कर्मचारी...



## खबर संक्षेप

### आपस में भिड़े दुपहिया वाहन

**बालोद।** झलमला चौक के पास दो स्कूटी में भिड़ंत हो गई। एक स्कूटी में दो युवक सवार थे, वहीं दूसरी में एक महिला सवार थी। टक्कर होते ही महिला स्कूटी से गिर गई, जिसे राहगीरों की मदद से उठाया गया। स्कूटी सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।

### पुनारकसा में मानसगान प्रतियोगिता कल से

**डौण्डीलोहारा।** ग्राम पुनारकसा में नव जागृति मानस मंडली द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 18 व 19 जनवरी को किया जा रहा है। इससे पहले 17 जनवरी को शाम 5 बजे से हरिद्वार (उत्तरप्रदेश) की ख्याति प्राप्त महिला मानस मंडली की प्रस्तुति होगी। उसके बाद 18 व 19 जनवरी को दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता होगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक अनिला भेड़िया होंगी, अध्यक्षता भोलाराम देशमुख पूर्व मंडी अध्यक्ष बालोद करेंगे।

### भर्रीटोला व कुआगोंदी में ऋण वसूली शिविर कल

**बालोद।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बालोद द्वारा ऋण वसूली शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत सेवा सहकारी समिति भर्रीटोला एवं कुआगोंदी में 18 जनवरी को ऋण वसूली शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बालोद ने बताया कि 18 जनवरी को जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड अंतर्गत सेवा सहकारी समिति भर्रीटोला में सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तथा डौण्डी विकासखण्ड अंतर्गत सेवा सहकारी समिति कुआगोंदी में दोपहर 02 बजे से शाम 04 बजे तक ऋण वसूली शिविर आयोजित की जाएगी। उन्होंने संबंधित ऋणी, जमानतदार कृषकों को शिविर में उपस्थित होने को कहा है।

### पुराने लेन-देन को लेकर मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** पुराने लेन-देन की बात को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। इस गंगाधर निषाद की रिपोर्ट पर गुण्डरदेही थाने में सरस सहित अन्य के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। ग्राम गुरेदा निवासी गंगाधर निषाद ने बताया कि बुधवार को सुबह 3 बजे मैं अपने गांव गुरेदा में बाजार चौक के पास मंच में सांस्कृतिक कार्यक्रम देख रहा था। उसी समय हमारे पड़ोसी गांव सलौनी निवासी सरस अपने अन्य साथी के साथ मेरे पास आकर पुराने पैसों के लेन देन की बात को लेकर, मेरा पैसा नहीं दे रहे हो कहकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

### विवाद सुलझाने गए लोगों से मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम भाठागांव आर में आयोजित मड़ई के दौरान हुए एक झगड़े को सुलझाने गए मुकेश और गजेन्द्र को बग्गू, विनय, रमन सहित अन्य लोगों द्वारा पीटे जाने की शिकायत हुई है। इस मामले में मंगलवार को थाना रनचिरई में तीन लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। ग्राम जरवाय निवासी मुकेश कुमार बंजारे ने बताया कि मंगलवार को ग्राम भाठागांव आर में मड़ई-मेला देखने गया था। शाम 6.30 बजे हाई स्कूल के सामने मैदान ग्राम भाठागांव आर के मड़ई मेला की भीड़ में हमारे गांव जरवाय में ग्राम सतमरा से मेहमान आए हरीश साहू के साथ ग्राम भाठागांव आर निवासी बग्गू साहू, विनय, रमन यादव एवं उसके साथी गाली गलौज कर रहे थे। इस पर हरीश साहू द्वारा मना करने पर बग्गू साहू, विनय, रमन यादव एवं उसके साथी ने गाली गलौज कर मारपीट की। तब मैंने और गजेन्द्र साहू ने विवाद देखकर छुड़ाने लगे। इस पर उन लोगों ने हम लोगों से भी गालीगलौज करते हुए मारपीट की।

---

ग्राम निकुम में महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का दुर्ग ग्रामीण विधायक ने किया लोकार्पण

# क्षेत्र में शिक्षा के नए आयाम स्थापित करेगा पुकेश्वर सिंह भारदीय महाविद्यालय : ललित





हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

- कहा- हमारे अंचल में शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की हुई शुरुआत

ग्राम निकुम में स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का विधायक ललित चंद्राकर ने लोकार्पण किया। श्री चंद्राकर ने विधिवत पूजा-अर्चना कर इस महाविद्यालय परिसर को विद्यार्थियों एवं क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। सभा संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि महाविद्यालय को अपना नया भवन मिल गया है। इससे यह महाविद्यालय क्षेत्र में शिक्षा के नए आयाम स्थापित करेगा एवं युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करेगा। उन्होंने कहा कि यह संस्थान क्षेत्र की प्रगति एवं समृद्धि का प्रतीक बनेगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्यजनों, ग्रामीणों, और विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई। श्री चंद्राकर ने कहा कि पहले यह महाविद्यालय स्कूल भवन में लगता था। इससे छात्रों को दिक्कत होती थी। लेकिन, आज कालेज का स्वयं का भवन बनकर तैयार हो गया है। अब विद्यार्थियों को सुविधा मिलेगी। यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो हमारे क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत करेगा। महाविद्याल का उद्देश्य हमारे छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है, जिससे वे अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें। हमारा लक्ष्य है कि हमारे छात्र न केवल शैक्षिक रूप से मजबूत हों, बल्कि वे समाज में भी एक सकारात्मक योगदान करें।

### छात्रों को पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण मिलेगा

श्री चंद्राकर ने कहा कि इस कॉलेज में हमने आधुनिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे का प्रावधान किया है, जिससे हमारे छात्रों को एक अनुकूल और समर्थनकारी वातावरण मिल सके। हमारे शिक्षकों को भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे वे हमारे छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान कर सकें। उन्होंने कहा कि मैं इस अवसर पर हमारे सभी शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों को धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने इस कॉलेज को स्थापित करने में अपना योगदान दिया है। मैं आशा करता हूँ कि हमारा यह कॉलेज हमारे क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत करेगा और हमारे छात्रों को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, जनभागरी समिति अध्यक्ष व सरपंच भोथली सुरेश साहू, सरपंच मुक्ति सुधाकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, महामंत्री पुराण देशमुख, सोसायटी अध्यक्ष भैया लाल साहू, माधो देशमुख, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार चंद्राकर, बूथ अध्यक्ष हीरालाल साहू, पवन देवांगन, प्राचार्य डीके बेलेनद्र एवं कॉलेज स्टॉफ व विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

---

# सूने घर में चोरों का दावा एक लाख नकद सहित जेवर व बर्तन की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- कोतवाली थाना क्षेत्र के बूढ़ापारा इलाके की घटना

कांडे मड़ई घूमने गए शहर के बुढ़ापारा निवासी मकान ठेकेदार के सूने घर में 13 जनवरी को अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर 1 लाख नकद व 15 हजार रुपए के चांदी के जेवरात तथा बर्तन ले भागे। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

बुढ़ापारा बालोद निवासी भावसिंह साहू ने पुलिस को बताया कि 13 जनवरी को दोपहर करीबन 12 बजे के बाद मैं अपने घर में ताला लगाकर परिवार के साथ अपने पैतृक निवास ग्राम कांडे मड़ई देखने चला गया था। 14 जनवरी को परिवार सहित शाम को 5 बजे वापस अपने घर बुढ़ापारा बालोद आया। सामने आंगन के दरवाजे में लगे ताले को खोलकर अंदर गया तो देखा घर के मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। अंदर कमरे के दरवाजे का ताला भी टूटा हुआ था। घर का सामान अस्त–व्यस्त बिखरा हुआ था। शंका होने पर मैंने घर के सूटकेश को देखा, जो टूटा हुआ था और उसमें रखे 85 हजार रूपये नहीं थे। वहीं, आलमारी भी खुली थी, जिसमें 15 हजार रूपये नकद रखे थे, वह भी नहीं थे। इसके अलावा आलमारी में रखी चांदी की पायल, दो जोड़ी चूड़ी, बच्चियों की छोटा पायल, एक नग चांदी की छोटी कटोरी, चांदी का चम्मस भी नहीं था। घर के अंदर जाने पर पीछे का दरवाजा जिसे हम अंदर से लगाकर गए थे, वह खुला हुआ था। प्रार्थी ने बताया कि कोई अज्ञात चोर रात्रि में मेरे घर का ताला तोड़कर उपरोक्त चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम को चोरी कर ले गया है। आस पास पता तलाश किया एवं बिखरे हुए सामान को एकत्र कर रात्रि होने के कारण 15 जनवरी को थाने में सूचना दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सिरपुर बगईकोन्हा में देव मड़ई 5 फरवरी को

**बालोद।** ग्राम सिरपुर बगईकोन्हा में देव मड़ई का आयोजन 5 फरवरी को किया गया है। इस अवसर पर जय गंगा मईया नाच पार्टी का आयोजन किया गया है। यह जानकारी ग्राम के पंच संतोषा भौशार्य, कीर्तन साहू, भागवत भौसार्य, बिरेन्द्र साहू, बिहारी साहू, रोहित भौशार्य ने दी।

---

# एक ने दूसरी बाइक को मारी टक्कर तीन माह बाद दर्ज हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- घायल दंपति ने इलाज करवाने के बाद लिखवाई रिपोर्ट

ग्राम करियाटोला के पास बाइक पर ससुराल से लौट रहे एक परिवार को एक अन्य बाइक सवार व्यक्ति ने टक्कर मार दी, जिससे पति-पत्नी समेत एक बच्ची भी घायल हो गई। घायलों को जिला अस्पताल बालोद में उपचार के बाद रिफर कर दिया गया था। इस मामले में तीन माह बाद राजहरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। तितुरडीह दुर्ग निवासी शिक्षक विक्रम नाना अयसपुरे ने बताया कि 13 अक्टूबर को अपने ससुराल ग्राम करहीभदर से पत्नी भारती व ढाई साल की बच्ची नेत्र को लेकर अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 बीके 1017 पर लेकर वापस बालोद गुजरा होते मानपुर आ रहे थे। इस बीच शाम लगभग 4.30 बजे ग्राम करियाटोला के पास से होकर गुजर रहा था, उसी समय कुसुमकसा की ओर से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 बीके 9630 के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक गलत साइड से आकर ठोकर मार दी।

इससे हम पति-पत्नी बच्चे समेत बाइक से गिर गए। दुर्घटना में पत्नी भारती का पैर फ्रेक्चर हो गया था तथा बच्ची को भी गंभीर चोंट आई थी। उपचार के लिये जिला अस्पताल बालोद गये थे, जहां से रिफर करने पर दुर्ग के निजी अस्पताल में भर्ती होकर उपचार कराया। मामले में 14 जनवरी को शिक्षक की रिपोर्ट पर राजहारा थाने में आरोपी मोटर सायकल चालक के खिलाफ 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### ओवरलोड ट्रक से टूटी डंगाल यातायात हुआ बाधित



**बालोद।** धान परिवहन में ओव्हरलोड ट्रकों के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। पर प्रशासन उन पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है, जिसका खामियाजा राहगीरों व ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ताजा मामला झलमला से निपानी जाने वाले मार्ग का है। इस मार्ग पर परागांव और बेलमाण्ड के बीच बुधवार को एक बबूल पेड़ की डंगाल रोड के बीचों बीच गिर गई। इससे उस मार्ग पर आने-जाने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा बालोद सहित अन्य जगह काम पर जाने वाले आम लोगों और स्कूली बच्चों को हुई। स्कूली बच्चों की गाड़ी इस रास्ते से नहीं जा सकी। राहगीरों ने बताया कि धान से भरे एक ओवरलोड ट्रक के टकरा जाने के कारण पेड़ की डंगाल रोड के बीचों बीच गिर गई थी।

---

# ओबीसी वर्ग को समाप्त करने का प्रयास कर रही राज्य सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही





- त्रिस्तरीय पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव में जारी आरक्षण का ओबीसी समाज ने किया विरोध

त्रिस्तरीय पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव में जारी आरक्षण में ओबीसी वर्ग को भाजपा सरकार समाप्त कर रही है। पूरे प्रदेश में ओबीसी वर्ग का एक भी आरक्षण नहीं होने के कारण ओबीसी वर्ग भाजपा से नाराज चल रहे हैं। इन सब मुद्दों को लेकर गुण्डरदेही ओबीसी समाज के पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में गुरुवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए गुण्डरदेही तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ओबीसी वर्ग का आरोप है कि राज्य की भाजपा सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में ओबीसी की आबादी 50 प्रतिशत है, वहां ओबीसी आरक्षण को समाप्त कर दिया है और जहां 100 प्रतिशत ओबीसी है, वहां अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित कर दिया है, इस कारण ओबीसी समाज में आक्रोश है। ओबीसी समाज ने वर्तमान पंचायती राज अधिनियम में किए गए संशोधन व जारी नई आरक्षण रोस्टर को निरस्त कर पूर्व आरक्षण रोस्टर के आधार पर ओबीसी वर्ग को भी अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की तरह ही आबादी के अनुपात में बराबर हिस्सेदारी देने वाली आरक्षण रोस्टर के आधार पर त्रिस्तरीय पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव कराने की मांग की है। ओबीसी समाज ने कहा कि अन्यथा ओबीसी समाज इस चुनाव में भाजपा का खुलकर बहिष्कार करेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में संभागीय अध्यक्ष दुर्ग किरत राम कुल्हारा, ब्लाक अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू, जिला अध्यक्ष बल्दू राम साहू, उपाध्यक्ष चाणक्य यादव, सचिव सावंत राम साहू, बुधारू राम साहू, लक्ष्मीचंद धनकर, मोहन लाल, रोमनाथ साहू, अनुज यादव, खोमलाल चन्द्राकर, चमरु राम, नममु राम, झगगर राम, तोमन साहू, मनहरण लाल, भोला राम सहित सैकड़ो पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

# ब्रेक लगाते ही गिरा स्कूटी सवार, राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

शहर के गंजपारा दुर्गा मंदिर के पास गुरुवार को दोपहर अचानक एक स्कूटी सवार व्यक्ति गिर गया, जिसे चोट लगी है। व्यक्ति को राहगीरों की मदद से तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति का नाम देवधर साहू 43 वर्ष वार्ड नंबर एक बालोद निवासी बताया जा रहा है, जो झलमला की ओर से अपने घर की ओर जा रहा था। दुर्गा मंदिर के पास अचानक से ब्रेक लगाते ही गिर गया। व्यक्ति के सिर और सामने के हिस्से में चोट आई है। बताया जा रहा है कि स्कूटी में व्यक्ति ने हेलमेट रखा हुआ था, लेकिन उसे पहना नहीं था। वहीं, राहगीरों ने बताया कि घटना के बाद कई बार 108 पर कॉल किया गया, लेकिन कॉल नहीं लगा।

---

जिला मुख्यालय बालोद के बुधवारी बाजार में किया जा रहा है कैंटिन का संचालन

# मेहनतकश मजदूरों को मात्र 5 रुपए में मिल रहा है गरम व स्वादिष्ट भोजन

शासन की शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत श्रमिको को किफायती दर पर मिल रहा भोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद





**मजदूरों के लिए मददगार है :** कैंटिन पहुँचे जयप्रकाश ने कहा कि यह कैंटिन मजदूर वर्ग के लिए काफी मददगार साबित होगा। यहाँ मंडी में दूर–दूर से लोग आकर अपना सब्जी विक्रय करते हैं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में मजदूर वर्ग के लोग भी इस क्षेत्र में काम करते हैं। इन सभी को शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत संचालित इस कैंटिन का भरपूर लाभ मिलेगा। यहाँ वे समय पर अपना काम खत्म कर मात्र 05 रुपये में गरम स्वादिष्ट भोजन का लाभ ले सकते हैं।

छत्तीसगढ़ के मेहनतकश श्रमिकों के हित में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप जिला मुख्यालय बालोद के बुधवारी बाजार में श्रमिकों को मात्र 05 रूपये में भरपेट स्वादिष्ट एवं गरम भोजन मिल रहा है। मुख्यमंत्री साय के सुशासन में संचालित शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत श्रमिकों को किफायती दर पर बेहतर भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला मुख्यालय बालोद के बुधवारी बाजार स्थित सब्जी मंडी परिसर में उक्त योजना के तहत कैंटिन का संचालन किया जा रहा है। जहाँ खाने में चावल, दाल, सब्जी, पापड़, सलाद, अचार और रायता परोसा जा रहा है। यहाँ श्रमिकों के बैठने व खाने की बेहतर व्यवस्था की गई है। कैंटिन में सप्ताह के सातों दिन के लिए मेन्यू के आधार पर अलग–अलग सब्जी व दाल बनाकर परोसा जाएगा। उक्त कैंटिन में पंजीकृत श्रमिक अपना श्रमिक कार्ड दिखाकर 05 रुपये में भरपेट भोजन कर सकते हैं तथा जिन श्रमिकों ने अभी तक अपना श्रमिक पंजीयन नहीं कराया है, वे भी कैंटिन में अपना श्रम पंजीयन करा सकते हैं।

### भोजन के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा

हरीश कुमार ने कहा कि यहाँ आसपास के गांवों से लोग सब्जी बेचने और खरीदने आते हैं। उनके लिए यह बहुत अच्छी सुविधा है। अब वे यहाँ आकर भोजन का लाभ ले सकते हैं। उन्हें भोजन के लिए कही दूर जाना नहीं पड़ेगा। तरूण साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस योजना का संचालन कर मजदूर वर्ग की सेवा करने का कार्य कर रहे हैं। यह योजना काफी सराहनीय है, 15–20 रुपये में लोग स्वल्पाहार करते थे, लेकिन इस योजना के तहत कैंटिन के संचालन से अब 05 रुपये में ही भरपेट भोजन कर पाएंगे।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### भाटागांव (बी) में मड़ई-मेला 17 को

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम भाटागांव(बी) में 17 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। संतोष शर्मा ने बताया कि मनोरंजन के लिए रात्रि में मोर मोंगरा नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### हनुमान मंदिर में सैकडों भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण

**रायपुर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद प्रसादी वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही हनुमान जी का दर्शन करके अपने जीवन को सफल बनाया।

### समस्याओं को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** संतरामदास वार्ड अंतर्गत रामनगर, भवानी नगर, भरत नगर, कृष्णा नगर सहित विभिन्न मोहल्लों के रहवासियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को कलेक्टर गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन लेने के बाद कलेक्टर ने लोगों की समस्याएं सुनकर उसका निराकरण करने का आश्वासन दिया है। कलेक्टर ने कार रुकवाकर सुनी लोगों की समस्या वार्ड के जनप्रतिनिधि ईश्वरी नामदेव के नेतृत्व में संतरामदास वार्ड के कई मोहल्लों के लोग बड़ी संख्या में कलेक्टर से मिलने पहुंचे थे। इनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा थी। सभी लोग संपत्ति टैक्स, यूजर चार्ज, बिजली दर में वृद्धि, बच्चों को छात्रवृत्ति नहीं मिलने, राशन दुकान में शक्कर व नमक नहीं मिलने सहित कई समस्याएं लेकर पहुंचे थे।

### महिला आयोग की अध्यक्ष ने पुलिस महानिदेशक को लिखा पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने आयोग में एक महिला द्वारा की गई शिकायत के आधार पर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है। इस पत्र के माध्यम से आयोग ने पुलिस महानिदेशक से प्रदेश के सभी जिलों के थानों एवं पुलिस कर्मियों को निर्देश देने की अनुशंसा की है। इसके तहत उन्होंने कहा कि महिलाओं के आवेदन पर थाना हो या पुलिस संबंधित अन्य कोई विभाग, त्वरित कार्यवाही होनी चाहिए, साथ ही उनके आवेदन की गोपनीयता भी भंग नहीं होनी चाहिए। आयोग ने पत्र में लिखा है कि आयोग में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके वकालत करने के पेशे से उसके ससुराल वाले नाराज रहते हैं उसकी बेईज्जती करते रहते हैं। महिला ने इसकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन वहां पदस्थ एक प्रधान आरक्षक ने आवेदिका के आवेदन की गोपनीयता भंग करते हुए इसकी जानकारी उसके ससुर को दे दी।

### उपराष्ट्रपति का रायपुर पहुंचने पर आत्मीय स्वागत

**रायपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचने पर राज्यपाल रमेन डेका सहित केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आत्मीय स्वागत किया। गौरतलब है कि उपराष्ट्रपति धनखड़ गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर विमानतल पर विधायक पुरंदर मिश्रा और अनुज शर्मा, प्रभारी मुख्य सचिव रेणु पिल्लै, डीजीपी अशोक जुनेजा, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह तथा एसएसपी लाल उमेद सिंह भी उपस्थित थे।

### निकाय चुनाव ईवीएम से अधिसूचना जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के चुनाव ईवीएम से कराए जाएंगे। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में सरकार की ओर से कहा गया था कि नगरीय निकायों के चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से होंगे। लेकिन इस संबंध में नियम में संशोधन जारी किया गया है। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में कहा गया है कि मतदान इकाई पर अभ्यर्थियों के नाम उसी क्रम में रखे जाएंगे, जिस क्रम में चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची में आई हों। यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों का नाम एक जैसे है, तो वे उनके उपनाम, पिता का नाम आजीविका या निवास को जोड़ते हुए शामिल किए जाएंगे।

---

डौंडीलोहारा में आयोजित कार्यशाला में शामिल भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को किया प्रेरित

# अभी केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार है, अब नगर और पंचायतों में भी पार्टी को जीत दिलाना है : चेमन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- कहा- नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव कार्यकर्ताओं को बड़े पदों पर काबिज कराने के लिए है
- पर्यवेक्षक 17 तक पार्षदों के वार्डवार नाम तय करेंगे



नगरीय निकाय चुनावों को लेकर भाजपा संगठन द्वारा बालोद जिले के 2 नगर पालिका व सभी नगर पंचायतों में चुनाव के दृष्टिकोण से कार्यकर्ताओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को डौंडीलोहारा नगर के पुराने जनपद कार्यालय भवन में भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख व चुनाव प्रभारी डौंडीलोहारा नगर पंचायत भाजपा नेता राकेश यादव, हरीश कटझरे जिला सोशल मीडिया की उपस्थित कार्यशाला का आयोजन किया गया।

डौंडीलोहारा मंडल व रेंगाडबरी मंडल के सभी पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पार्टी के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि पार्टी संगठन ने तय किया है कि पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा का नेतृत्व हो और यह आवश्यक भी है। उन्होंने कहा कि हम बड़े चुनावों में मेहनत कर पार्टी को जीत दिलाते हैं, लेकिन अब जो चुनाव हो रहे हैं, वे कार्यकर्ताओं के लिए हैं। कार्यकर्ताओं को बड़े दायित्व के पद पर काबिज करने को लेकर हम सभी को जनता के बीच जाना है। भाजपा ने अंत्योदय को लक्ष्य मानकर अंतिम व्यक्ति के विकास की योजना बनाई है, जिसमें गांव, गरीब, किसान, मजदूर सभी की सहभागिता से नगर व पंचायत का विकास बड़ा लक्ष्य है। सभी पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को मिलकर इस लक्ष्य को पाना है। जिले के सभी निकायों में हम सभी को जीत दर्ज करानी है। श्री देशमुख ने कहा कि अभी केंद्र व राज्य में पार्टी की सरकार है। अब नगर व पंचायतों में भी भाजपा को जीत दिलाना है। कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, जिला मंत्री जयेश ठाकुर, जिला सदस्य होरीलाल रावटे, मण्डल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, रेंगाडबरी मण्डल अध्यक्ष उत्तरा घरेन्द्र, बलराम गुप्ता, रूपेश सिन्हा जिला कार्यकारिणी सदस्य जसराज शर्मा, लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, जयलाल मालेकर, दुष्यंतगिरी गोस्वामी सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**जिला अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर किया गया जोरदार स्वागत :** जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद डौंडीलोहारा नगर में प्रथम आगमन पर चेमन देशमुख का जोरदार स्वागत किया गया। माँ काली मन्दिर में पूजा के बाद नगर में स्वागत रैली निकाली गई। रैली जब बैठक स्थल पहुंची, तब वहां कार्यकर्ताओं ने अपने जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख को माला पहनाकर व पटाखे फोड़कर स्वागत किया। कुसुम शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी ने हम सभी पर नगर पंचायत व पंचायत चुनावों में जीत दर्ज करवाने को लेकर बड़ी जिम्मेदारी दी है। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर इसमे सफल होना है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में हम सभी को मिलकर डौंडीलोहारा नगर पंचायत को कांग्रेस मुक्त करना है। इसके लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं।

### गड़बड़ करने वालों को पार्टी दूसरा मौका नहीं देगी : राकेश

चुनाव प्रभारी राकेश यादव ने कहा कि डौंडीलोहारा नगर की जनता ने हमेशा भाजपा संगठन पर भरोसा जताया है। लोकसभा चुनावों में मिली जीत में डौंडीलोहारा नगर की जनता का बड़ा योगदान है। हम सब की जिम्मेदारी है कि हम इन चुनावों में भाजपा को बड़ी जीत दिलाने में मेहनत करें। पार्टी के कार्यकर्ता मिलकर काम करें, गड़बड़ करने वालों को इस बार पार्टी दूसरा मौका नहीं देगी, ऐसे लोग कार्यवाही के लिए तैयार रहें। राकेश यादव ने कहा कि आप नगर पंचायत चुनावों में जीत दिलाएं, विकास कार्यों के लिए पैसों की कमी नहीं होने देंगे। नगर की जनता जो काम चाहेगी वो स्वीकृत कराएंगे, डौंडीलोहारा नगर को कांग्रेसी भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाएंगे और विकास के पथ पर आगे ले जाएंगे। प्रदेश में भाजपा की सरकार है, नगर व पंचायतों में भी भाजपा की सरकार बनने पर तेजी से काम होंगे। किसान, मजदूर,गरीब का सपना पूरा होगा। चुनाव प्रभारी राकेश यादव ने पर्यवेक्षकों को कहा कि सभी वार्डों में जनता के बीच जाकर रायशुमारी करें। योग्य जीतने वाले दावेदारों के नाम सामने लाएं, ताकि पार्टी के बड़े नेता जल्द नामों की घोषणा कर सके।

---

## जिपं सदस्य ने भरारी पाठ में 14 लाख के विकास कार्य का किया भूमिपूजन



**गुण्डरदेही।** जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने क्षेत्र के ग्राम बोरगाहन (फुण्डा) भरारी पाठ में अपने मद से 14 लाख के विकास कार्य का भूमिपूजन किया। इसमें 4 लाख का इंटरलॉक, 10 लाख का टिन शेड निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इन कार्यों से मंदिर प्रांगण में क्षेत्र के श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था हो सकेगी।

मंदिर के पास ही बड़ा साप्ताहिक बाज़ार लगता है जिसमें आसपास के बीस गाँव के लोग बाज़ार में आते हैं, जिसका लाभ सभी क्षेत्रवासियों को सुविधा के रुप में मिलेगा। कार्यक्रम में सरपंच संतराम चंद्राकर, दीपक साहू, जनपद सदस्य रामेश्वर चंद्राकर, सरपंच कुथरेल बलदेव साहू एवं ग्रामवासी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री वष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को लेकर काम करना शुरू कर दिया है। यह राज्य आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे रहा है।

## तेज रफ्तार ने फिर ली युवक की जान सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बुधवार को सिवनी हनुमान मंदिर के पास दो मोटरसाइकिल में भिड़ंत का सीसीटीवी कैमरा वीडियो सामने आया है। एक मिनट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। भिड़ंत इतना जबरदस्त था कि मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई, वहीं, दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। झलमला से बालोद जेल तक डिवाइडर बनाने की मांग उठने लगी है।

वीडियो में दिखाई दे रहा है कि झलमला की तरफ से आ रहे बाइक सवार दो युवक काफी तेज गति से रास्ते के बीचों बीच बाइक चलाते हुए बालोद की ओर जा रहे हैं। वहीं, बालोद की तरफ से आ रहे ट्रक को बाइक सवार गजेंद्र ओवरटेक करते हुए झलमला की ओर जा रहा था, तभी ओवरटेक करते समय बाइक से टक्कर हो गई। मृतक के बड़े भाई ग्राम जामगांव बी निवासी युगल किशोर साहू की सूचना पर बुधवार को ही मोटर सायकल चालक के खिलाफ धारा 106(1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### दुर्घटना के बाद ग्रामीणों की डिवाइडर की मांग

ग्राम सिवनी के ग्रामीणों का कहना है कि ये दुर्घटना सिवनी में हुई है। डिवाइडर होता तो ये दुर्घटना नहीं होती। डिवाइडर झलमला से बालोद जेल तक बनना प्रस्तावित हुआ था, लेकिन नहीं बना। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द डिवाइडर बनाने की मांग की है।

## चुनावों में एकजुट होकर कांग्रेस को उखाड़ फेंकना है ताकि दुर्दशा से छुटकारा मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

- त्रिस्तरीय पंचायत व निकाय चुनाव को लेकर अर्जुन्दा मंडल की बैठक
- चुनाव लड़ने की चाह रखने वाले कार्यकर्ता बेबाकी से रखें अपनी बातें : यज्ञदत्त

भारतीय जनता पार्टी ने त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरी निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर जिले के प्रत्येक मंडल में 15 व 16 जनवरी को बैठक आयोजित की। भाजपा मंडल अर्जुन्दा की बैठक राधा कृष्ण मंगलम भवन में संपन्न हुई। पर्यवेक्षक व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा पहुंचे।

बैठक के पहले भाजपा की पितृ पुरुषों की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरी निकाय के चुनाव में एकजुट होकर कांग्रेस को उखाड़ फेंकने का आव्हान किया। उन्होंने पिछले पांच वर्षों में हुई ग्रामीण अंचलों की दुर्दशा से छुटकारा पाने की बातें कहीं। श्री गुप्ता ने कहा कि भाजपा में कोई एक व्यक्ति किसी पद के लिए टिकट नहीं बांटेगा, बल्कि क्रमानुसार पहले मंडल, फिर जिला, फिर संभाग से विभिन्न पदों के लिए भाजपा की टिकट एवं प्रत्याशियों के अधिकृत किए जाने की प्रक्रिया की जाएगी।

चुनाव प्रभारी यज्ञदत्त शर्मा ने कहा कि कोई भी कार्यकर्ता अगर चुनाव लड़ना चाहता है। तो बेबाकी से अपनी बात रखे। भारतीय जनता पार्टी एक–एक नाम पर विचार करेगी। विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर पार्टी अपना फैसला करेगी। पार्टी जो भी फैसला करेगी हम सब उस पर मिलकर काम करेंगे। भाजपा मंडल अर्जुंदा के कार्यकर्ता बहुत क्षमतावान कार्यकर्ता है। आप लोगों ने कई दफा इसे साबित भी किया है। बस एकजुटता की साथ हम अगर आगे बढ़े तो भाजपा मंडल अर्जुंदा इस त्रिस्तरीय चुनाव एवं नगरी निकाय चुनाव में हमारा प्रदर्शन शत प्रतिशत होगा।

### ये रहे उपस्थित

बैठक मे जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु, संध्या सिंह भारद्वाज, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रणेश जैन, जिला पंचायत सदस्य नीतीश मोंटी यादव, महामंत्री मंडल पवन सोनबरसा, कमलेश पाण्डे, जसवंत सिन्हा, देवेंद्र साहू, गविंद्र साहू, युगल बोरकर, रूखमणी सोनकर, संगीता चंद्राकार सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिले में स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण निर्धारित अवधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिला पंचायत सीईओ डॉ कन्नौजे ने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश
- कहा- निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी




जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने संबंधित अधिकारियों से जिले में स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण तय समय–सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने को कहा है। साथ ही चेतावनी दी है कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीईओ डॉ. कन्नौजे ने 15 जनवरी को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिले में महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में वित्तीय वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 तक के समस्त अपूर्ण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इसमें ग्राम पंचायतवार तकनीकी सहायकों को आबंटित किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। जिसमें जनपद पंचायत गुण्डरदेही एवं डौण्डीलोहारा में लंबित कार्य अधिक होने पर संबंधित तकनीकी सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने बैठक में कृषि एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संबंधी कार्यों में निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप व्यय किये जाने हेतु जनपद पंचायत गुण्डरदेही को विशेष रूप से प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अधिक से अधिक प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के कार्य लेने निर्देश भी दिए। उन्होंने जिले में अमृत सरोवर में स्वीकृत निर्माण कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने सामाजिक अंकेक्षण अंतर्गत निकासी बैठक में पारित निर्णयों पर समय–सीमा में आवश्यक कार्यवाही करते हुए शत–प्रतिशत वसूली किये जाने के निर्देश दिए।

### तकनीकी सहायक को नोटिस

सीईओ डॉ कन्नौजे ने जिले में स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन निर्माण की विस्तृत समीक्षा करते हुए समस्त कार्यों को गुणवत्तापूर्ण के साथ पूर्ण किये जाने तथा योजनांतर्गत संधारित की जाने वाली 07 पंजियों को अद्यतन कराने के लिए जनपद सीईओ को निर्देश दिए। डॉ. कन्नौजे ने लक्ष्य के विरूद्ध कम प्रगति होने के कारण संबंधित तकनीकी सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं जिससे समय पर हितग्राहियों को उसका लाभ मिल सके। बैठक में एपीओ मनरेगा, सीईओ जनपद पंचायत, एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यक्रम अधिकारी एवं तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

## घीना में भक्त गुहा निषादराज जयंती धूमधाम से मनाई गई





**बालोद।** ग्राम घीना में भक्त गुहा निषादराज जयंती का आयोजन धूमधाम से किया गया। गुरुवार को सुबह 11 बजे से ज्योति कलश पूरे गली में रैली के रुप में भ्रमण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत घीना बिंदु तारम थीं। अध्यक्षता बी मानिक ने किया। विशेष अतिथि निर्मला तारम, थालेश्वरी चोरिया, रामेश्वरी साहू, द्वारिका तिवारी, राजेन्द्र यादव, खम्हन साहू, हरि राम पटेल, अलख राम सिन्हा, सुखी राम पटेल ग्राम पटेल, चतुर राम सिन्हा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में कहा कि भगवान के प्रति आस्था बनाए रखें। परिवार व समाज में मिलजुलकर एक दूसरे के सहयोगी बनें। उक्त जानकारी संतोष निषाद ने दी।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# कार्यालयीन समय 10 बजे, लेकिन 11 बजे तक पहुंचते रहे अधिकारी-कर्मचारी, भड़के कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कलेक्टर डॉ.गौरव कुमार ने बुधवार को जिला शिक्षा कार्यालय का औंचक निरीक्षण किया। इस दौरान दर्जनभर से अधिक अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित समय से विलंब से पहुंचे। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कई कर्मचारियों को फटकार भी लगाई। कलेक्टर यहां निरीक्षण के लिए सुबह 10 बजे ही पहुंच गए थे। रजिस्टर मंगवाकर उन्होंने खुद हाजिरी ली। जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल भी कार्यालय में नहीं रहे। उन्हें फोन करने पर उन्होंने बताया कि वे एक विद्यालय के कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। अन्य अनुपस्थित कर्मचारियों की भी जानकारी ली गई। विलंब से कार्यालय पहुंचने वालों के नाम दर्ज किए गए। उन्हें बाद में नोटिस प्रेषित करने की बात कही गई। इसके अतिरिक्त अन्य व्यवस्थाओं का उन्होंने जायजा लिया।

■ जिला शिक्षा कार्यालय का औचक निरीक्षण, आधा दर्जन पहुंचे देर से

खास खबर

### हरिभूमि निरंतर चला रहा है अभियान

गौरतलब है कि पिछली सरकार ने साप्ताहिक अवकाश रविवार के साथ शनिवार भी कर दिया था। शनिवार को कार्य के स्थान पर सोमवार से शुक्रवार तक वर्किंग टाइम में वृद्धि कर दी गई थी। आदेश के पश्चात कार्यालयीन दफ्तरों में काम प्रारंभ होने का समय 11 के स्थान पर प्रातः 10 बजे हो गया है, लेकिन शासकीय कर्मचारी अब भी 11 बजे तक ही दफ्तर पहुंच रहे हैं। अधिकतर शासकीय संस्थानों में यही स्थिति है। हरिभूमि समय-समय पर इससे संबंधित खबरों का प्रकाशन करता रहा है। जिला शिक्षा कार्यालय में भी कर्मचारियों-अधिकारियों के विलंब से पहुंचने के कारण छात्रों और पालकों को आवश्यक कार्यों के लिए परेशान होना पड़ता है।



## खबर संक्षेप

### खुरसुल में मड़ई 22 को

**अर्जुन्दा।** ग्राम खुरसुल में 22 जनवरी को मड़ई का आयोजन किया गया है। इस उपलक्ष्य में शिव भोला नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है ।

### शासकीय विद्यालय खुटेरी (खे) में हुआ क्रीड़ा महोत्सव

**बालोद/सिकोसा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुटेरी (खे) में 10 व 11 जनवरी को क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में विद्यालय के सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य श्वेता पांडेय ने माता सरस्वती की पूजा कर किया। उन्होंने खेल की महत्ता से बच्चों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में दौड़, कबड्डी, लम्बी कूद, कुर्सी दौड़, गोला फेंक, क्रिकेट तथा रस्साकसी को शामिल किया गया। इस कार्यक्रम में दिलीप सिन्हा, खेल प्रभारी धेनुषा साव, विनीता मिश्रा, शिल्पी डे, ज्योति महनदिया, जेआर. साहू, उमेश कुमार देशमुख, पुष्पलता साहू, रोशनी नेताम, आरके. वैद्य, एचएल. ठाकुर शिक्षकों ने अपनी सहभागिता दी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत रंजना ठाकुर तथा रेशमी तारम को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का ख़िताब दिया गया।

### आरक्षण के बाद ग्राम पंचायतों में बढ़ी सरगर्मी

**लाटाबोड़।** पंचायत चुनाव का आरक्षण होने के बाद गांवों की राजनीति गरमाने लगी है। सरपंच पद अनारक्षित होते ही चर्चा जोरों पर है। चौराहों, गली मोहल्लों में सरपंच पद के लिए संभावित प्रत्याशियों की चर्चा हो रही है। कई ग्राम पंचायतों के सरपंचों को आरक्षण के कारण मन मारकर रहना पड़ रहा है। वहीं, आरक्षण से प्रभावित नेता अपनी पत्नी को प्रत्याशी बनाकर एसपी का पद पाने की फिराक में हैं, तो कई वर्तमान प्रत्याशी डमी प्रत्याशी की खोज में लगे हैं ताकि उनका भी सिक्का चल सके। ऐसे सरपंच जो पांच साल तक सरपंच पद पर आसीन रहे, अब वे आरक्षण के कारण पद हाथ से निकल जाने से काफी उदास नजर रहे हैं। उधर, जिन ग्राम पंचायतों में सरपंच का पद अनारक्षित है, वहां चुनाव घमासान होने की संभावना है। इसी तरह अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित ग्राम पंचायतों में सरपंच के लिए जोर आजमाईश होने लगी है। अधिकतर ग्राम पंचायतों में महिला आरक्षित होने से वर्तमान सरपंचों जैसे दिग्गजों के लिए ग्राम पंचायत का दरवाजा बंद हो गया। कुछ ग्राम पंचायतों का आरक्षण यथावत रहने से सरपंचों में हर्ष बना है।

### डूमरतराई सब्जी मंडी में जगह-जगह गंदगी

## प्रबंधन और ठेकेदार पर निगम ने लगाया जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डूमरतराई सब्जी मंडी में जगह-जगह गंदगी फैली रहती है, जिसके कारण हर दिन यहां सब्जी की खरीदी करने पहुंचने वालों के साथ आसपास कालोनी व बस्ती में रहने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने भी इस मंडी का पूर्व में भ्रमण कर यहां फैली गंदगी पर नाराजगी जताई थी। कमिश्नर की नाराजगी के बाद भी मंडी में गंदगी का आलम बना हुआ है। इस पर ही निगम ने मंडी समिति के प्रबंधन पर 25 हजार रुपए तथा इस क्षेत्र के सफाई ठेकेदार पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जोन-10 कमिश्नर राकेश शर्मा ने बताया कि डूमरतराई सब्जी मंडी में बुधवार को निगम की टीम ने निरीक्षण किया।

■ टीम ने इस मामले में मंडी समिति प्रबंधन पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया

इस दौरान मंडी में जगह-जगह खराब सब्जियों की गंदगी पसरी मिली, वहीं पानी निकासी की जगह भी कचरों का ढेर मिला, जिसके कारण पानी की निकासी भी नहीं हो पा रही थी। टीम ने इस मामले में मंडी समिति प्रबंधन पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही टीम ने इस क्षेत्र के सफाई ठेकेदार श्रीसांई इंटर प्राइजेस पर भी नियमित सफाई नहीं कराकर कार्य में लापरवाही बरतने पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। निगम अधिकारियों ने समिति प्रबंधन और सफाई ठेकेदार को भविष्य में इस तरह से गंदगी मिलने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है।

### नगर निगम प्रशासन ने किया नया मॉनिटरिंग सिस्टम लांच

## जिस वार्ड में जाएंगे अधिकारी-कर्मचारी ऑनलाइन दिखेगा वहां का प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम रायपुर ने एक ऐसा एप लांच किया है, जिसके माध्यम से अब निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की स्थिति की जानकारी ऑनलाइन मिलेगी। आईटी मैनेजर रणजीत रंजन ने बताया कि शहर के किसी भी वार्ड में अधिकारी-कर्मचारी भ्रमण करते हैं, तो उनके लोकेशन के आधार पर 5 सौ मीटर के दायरे में चल रहे सभी प्रोजेक्ट के कार्यों की स्थिति जीपीएस आईकन के रूप में नक्शे में दिखाई देगी। यह आईकन अलग-अलग रंगों में नक्शे में प्रदर्शित होगा। इसमें संतरे रंग के आईकन में प्रगतिरत कार्य दिखेंगे, जबकि हरे रंग के आईकन में पूर्ण हो चुके कार्य दिखेंगे।

अलग खबर

### प्रोजेक्ट का नाम, टेंडर, मद राशि, ठेकेदार समेत अन्य जानकारी भी एप में मिलेगी

निगम ने कुछ दिनों पूर्व फायनॉन्स मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया है, जिसमें शहर में चल रही सभी योजनाओं की पूरी जानकारी जैसे कि योजना का नाम, टेंडर की तारीख, टेंडर की राशि, मद का नाम, ठेकेदार का नाम, भौतिक प्रगति, वित्तीय प्रगति एवं योजना को पूर्ण किए जाने का प्रस्तावित आदि की एंट्री फायनॉन्स मैनेजमेंट सिस्टम में की जा रही है। इसी के आधार पर वित्त विभाग द्वारा भुगतान किया जाता है। इस एप में अब प्रोजेक्ट के सभी कार्यों की भौतिक स्थिति को ऑनलाइन नक्शे में देखने के लिए मॉनिटरिंग सिस्टम को भी शामिल किया है।

### टीएल समीक्षा की बैठक में नया सिस्टम लांच

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा की उपस्थिति में बुधवार को निगम मुख्यालय भवन में साप्ताहिक टीएल समीक्षा की बैठक हुई।इस बैठक में इस प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सिस्टम को लांच किया गया। इस अवसर पर अभियंता, जोन कमिश्नर, लोक कर्म विभाग सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी भी मौजूद रहे।



### न ही मशक्कत करनी होगी और न होगा कामकाज प्रभावित

निगम के सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके विभागों से संबंधित प्रोजेक्ट के कार्यों की स्थिति की रिपोर्ट तैयार कर प्रत्येक सप्ताह टीएल की बैठक में प्रस्तुत करना होता है। इसके लिए अधिकारी-कर्मचारी सप्ताहभर तक रिपोर्ट इकट्ठा करने में जुटे रहते हैं, लेकिन एप के आने के बाद अब सभी जानकारी ऑनलाइन दिखाई देगी। इससे अधिकारी-कर्मचारियों का समय भी बचेगा और अन्य कामकाज भी प्रभावित नहीं होंगे।

### इंजीनियरों को जाना होगा प्रोजेक्ट स्थल, गुणवत्ता में आएगा सुधार

यह नया एप जीपीएस से कनेक्टेड है, वहीं किसी भी प्रोजेक्ट का भौतिक सत्यापन अब इसी एप से होना है। इसे देखते हुए अब प्रोजेक्ट से संबंधित इंजीनियरों को भी कार्यों का भौतिक सत्यापन करने के लिए प्रोजेक्ट स्थल में 5 सौ मीटर के दायरे में रहकर करना होगा, क्योंकि जीपीएस 5 सौ मीटर के दायरे के बारे में काम नहीं करेगा, जिससे प्रोजेक्ट का भौतिक सत्यापन भी एप के नक्शे में दिखाई नहीं देगा। इंजीनियरों के रेगुलर स्पॉट पर जाने से कार्य भी गुणवत्ता के साथ हो पाएंगे। कई इंजीनियर ऐसे भी जो रेगुलर निरीक्षण करने नहीं जाते और न ही कार्य की गुणवत्ता देखते है। इस कारण कई बार ठेकेदार गुणवत्ताहीन कार्य कराकर भी राशि का भुगतान करा लेते है, जिसके कारण बाद में लोगों को परेशानी होती है। एप के कारण अब इंजीनियरों को स्पॉट पर जाना अनिवार्य होगा, जिससे वे गुणवत्ता को भी परखेंगे। इस तरह गुणवत्ता के साथ कार्य हो पाएंगे।

## दिल्ली में कोहरा, एक उड़ान रद्द, बाकी का संचालन विलंब से

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिल्ली समेत उत्तर भारत में कोहरे की वजह से विमानों की आवाजाही प्रभावित होने का दौर जारी है। बुधवार को दिल्ली से रायपुर आने वाली एक फ्लाइट कैंसिल रही, वहीं अन्य की उड़ान अपने निर्धारित समय पर नहीं हो सकी। अभी स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए ही इंडिगो के साथ एयर इंडिया अपनी फ्लाइट का संचालन करती है। दिल्ली में काफी दिनों से कोहरा छाने की समस्या आ रही और इसकी वजह से वहां से विभिन्न शहरों के लिए आवाजाही करने वाली फ्लाइट का संचालन प्रभावित हो रहा है। दिल्ली-रायपुर-दिल्ली के बीच अभी नियमित रूप से इंडिगो की चार और एयर इंडिया को दो फ्लाइट का संचालन किया जाता है। इनकी आवाजाही समय पर नहीं हो पा रही है और यह दौर बुधवार को भी जारी रहा। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक दिल्ली से उड़ान भरकर शाम 5.25 बजे रायपुर में लैंड होने वाली फ्लाइट का संचालन आज नहीं हुआ। इसके अलावा एयर इंडिया की सुबह और शाम के शेड्यूल में उड़ान भरने वाला विमान अपने समय से आधे से दो घंटे तक लेट रहा। इंडिगो की शेष तीन फ्लाइट दिल्ली से विलंब से रायपुर के लिए उड़ी और यहां से उसकी वापसी भी देर से हुई।

■ इंडिगो और एयर इंडिया की फ्लाइट करती है आवाजाही

आवश्यकता हैं
JCB मशीन
हेतु आपरेटर एवं हेल्पर की आवश्यकता है.
वेतन- योग्यतानुसार
- संपर्क -
मो. 9752525351

## प्रदेश में 124 लाख मीट्रिक टन में से केवल 54 प्रतिशत का उठाव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी में अब केवल दो सप्ताह से कम समय बचा है। अब तक लक्ष्य का 80 प्रतिशत से अधिक धान खरीदा जा चुका है। धान खरीदी के साथ उठाव तेजी से नहीं हो रहा है। कुल 124 लाख म्रिक टन खरीदे गए धान में से केवल 67 लाख मीट्रिक टन धान का ही उठाव हो पाया है, जो कुल खरीदी का 54 प्रतिशत है। अब भी 2799 खरीदी केंद्रों में से 1166 केंद्रों में धान का बफर लिमिट है। धान उठाव के लिए जिले के डीएमओ द्वारा डीओ-टीओ काटे जाने के बाद राइस मिलर उठाव नहीं कर पा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में 14 नवम्बर से धान खरीदी शुरू हुआ था। प्रदेश के 23 लाख किसानों ने धान बेच चुके हैं। धान खरीदी 31 जनवरी तक चलेगी। लगभग 124 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी तेजी से हो रहा है। अब तक 94 लाख मीटरिक टन धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है।

द्वितीय पुण्य स्मरण



जन्म 10/02/1958
स्वर्गवास 17/01/2023

स्व. श्री कामता प्रसाद साहू

श्रद्धानवत्
श्रीमती खिलेश्वरी साहू (पत्नी)
शिवेन्द्र बहादुर (पुत्र)
श्रीमती निशा साहू (पुत्रवधु)
हेमांगी साहू (पौत्री)
ओम साहू (पौत्र)
संजय नगर, डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.)
मो. 9340421140

## छत्तीसगढ़ को केंद्र से मिलेगा 1874 करोड़ रुपए अतिरिक्त आबंटन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूंजीगत व्यय के तहत आबंटित धनराशि का कुशल और प्रभावी उपयोग किया है, जिसकी केंद्र सरकार ने सराहना की है। पूंजीगत व्यय के तहत राशि के सदुपयोग के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ राज्य को शीघ्र ही 1874 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आबंटन मिलेगा। यह राशि राज्य के बुनियादी ढांचे और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए खर्च की जाएगी। **सीएम साय ने कही ये बात:** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और राज्य के समग्र विकास को गति देना है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय (राज्य कैपेक्स) में 17,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह राशि सड़कों, पुलों, स्कूलों, अस्पतालों, औद्योगिक परियोजनाओं और सिंचाई योजनाओं पर खर्च की जा रही है। राज्य को केंद्र से 1874 करोड़ रुपये के अतिरिक्त आवंटन मिलने से नई परियोजनाओं को लागू करने, रोजगार सृजन और राज्य के बुनियादी ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। पूंजीगत व्यय यानि कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स) का अर्थ है उन पूंजीगत व्ययों का प्रावधान, जो किसी राज्य या देश में बुनियादी ढांचे के निर्माण, नए परिसंपत्तियों के सृजन और दीर्घकालिक विकास के लिए किए जाते हैं। बजट में इसे इसलिए शामिल किया जाता है ताकि शासकीय धन का उपयोग सड़क, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, और उद्योग जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण और विकास के लिए किया जा सके।



नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप



### शासकीय विद्यालय खुंदनी में हुआ न्योता भोज

**गुरूर।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खुंदनी के बच्चों को चेतन राम साहू एवं कुंजेश्वरी साहू ने अपनी पुत्री प्रेरणा साहू के जन्मदिन पर न्योता भोज कराया। इस अवसर पर बीएस साहू, सीएम ठाकुर, ओपी साहू, एलके ध्रुव, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक एचएल पटेल, एनआर साहू, पीएम नेताम, रसोईया तामेश्वर साहू, महेश्वरी साहू, फलिता साहू, चितरेखा गजमल्ला उपस्थित थे।

### पीएम श्री विद्यालय सम्बलपुर में कराया गया न्योता भोज



**डौंडीलोहारा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर में छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के अनुरूप प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत न्योताभोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज का आयोजन हरेकृष्णा निरोटी ने अपने छोटे भाई केशवनंद निरोटी के जन्म दिवस पर किया। इसमें 119 बच्चों को खीर, पूड़ी, दाल, सब्जी व चावल परोसा गया। न्यौता भोज के अवसर पर प्रधानपाठक वीणा ठाकुर, शिक्षक अनिल दिल्लीवार, कुमार संभव देवांगन, सुनीता साहू, दिव्या भारती आदि उपस्थित रहे।

### डॉ खोमेन्द्र कुमार सार्वा की आंखों से दो लोगों को मिलेगी रोशनी

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम मटिया ह निवासी डॉक्टर खोमेन्द्र कुमार सार्वा पिता जगदीश प्रसाद सार्व



ग्राम मटिया बांग्ला का नेत्रदान रायपुर अस्पताल में एम्स हॉस्पिटल की टीम द्वारा किया गया। परिवार के सदस्य तोरण लाल सार्वा ने बताया कि चाचा जी के निधन पर परिवार की सहमति से ग्राम मटिया बंगला में किया गया। इस कार्यक्रम में संत महात्माओं की उपस्थिति रही। तारेनु कुमार, जगदीश कुमार, अरुण कुमार लाकेश, राजेंद्र कौशल, मेधेद्र शत्रुहन एवं समस्त सरिया परिवार का सहयोग रहा।

### ग्राम ओटेबंद में मड़ई-मेला 20 को

**अंडा।** ग्राम ओटेबंद में 20 जनवरी को मड़ई-मेला का आयोजन किया गया है। मनोज सेन और वासुदेव देशमुख ने उक्त जानकारी देते हुए आस-पास के ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मड़ई-मेले का आनंद उठाने का आग्रह किया है।

### कोसमी मड़ई आज

**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम कोसमी में 17 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्राम के अरुण साहू ने बताया कि रात में ज्ञान के पूजा मुरमाड़ी महाराष्ट्र वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है।

### ग्राम जोरातराई में मानसगान स्पर्धा 18 से

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम जोरातराई में आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में 18 से 22 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रम व महोत्सव का आयोजन किया गया है। हरिश्चन्द्र अंगारे ने बताया कि 18 एवं 19 जनवरी को दो दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन होगा। उसके बाद 20 जनवरी को जसगीत झांकी एवं 21 जनवरी मंगलवार को ग्राम में मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस उपलक्ष्य में रात्रि में अमर ज्योति छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी की प्रस्तुति होगी। साथ ही 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर दोपहर 1 बजे से सुंदरकांड पाठ, महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

---

### दुर्ग ग्रामीण विधायक चंद्राकर ने निर्माण कार्य के लिए किया भूमिपूजन

# पुलगांव नाले पर रिसामा में 3 करोड़ की लागत से बनेगा रपटा कम एनीकट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम रिसामा में 296.82 लाख से अधिक की लागत से पुलगांव नाला पर रपटा कम एनीकट का निर्माण किया जाएगा। दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने उक्त निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि एनीकेट रपटा निर्माण कार्य क्षेत्रवासियों व ग्रामवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग थी, जिसे हम आज पूरा करने जा रहे हैं। यह एनीकेट बन जाने से क्षेत्र के किसानों के लिए जल संरक्षण एवं सिंचाई सुविधाओं को मजबूत करेगा, जिससे उनकी खेती और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह परियोजना ग्रामीण विकास एवं किसान कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। सभी क्षेत्रवासियों को इस महत्वपूर्ण पहल के लिए शुभकामनाएं। ग्रामीण क्षेत्र का विकास ही हमारे विकसित भारत का आधार है। श्री चंद्राकर ने कहा कि सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने के लिए 1 वर्ष में डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा अभूतपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की है और आगे या विकास की यात्रा अनवरत रूप से जारी रहेगी।

■ कहा- क्षेत्र के विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं होगी



#### सरकार की कृषि हितैषी नीतियों के कारण खेती की ओर लौट रहे किसान

श्री चंद्राकर ने कहा कि हमारी सरकार की कृषि हितैषी नीतियों के कारण किसान फिर से खेती में लौट आये हैं। इस बार 27 लाख से अधिक किसान भाइयों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। पिछले साल यह आंकड़ा 24 लाख 75 हजार का था। हमने कैबिनेट की पहली ही बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किये। लाखों लोगों का मकान का सपना पूरा हुआ। इस वर्ष भी लाखों लोगों का सपना पूरा होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर, जनपद सदस्य लेखन साहू, सरपंच गीता महानंद, बैकुंठ महानंद, कार्यपालन अभियंता आशुतोष शाश्वत, एसडीओपी एन साहू, सहायक अभियंता एके बरसागड़े, उप अभियंता आरएस अनंत, स्थल सहायक राधेश्याम गिरी, अंडा निकुम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, भाजपा कार्यकर्ता अजीत चंद्राकर लिकेश्वर साहू, आसवन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

---

# श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह उत्सव में झूमे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम डौकीडीह में स्व. कमलेश्वरी चन्द्राकर और स्व. पुष्पलता चन्द्राकर की स्मृति में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक पं. वेदप्रकाश पांडेय ने श्रीकृष्ण व रुक्मिणी के विवाह प्रसंग का वर्णन किया। इस बीच सुंदर-सुंदर झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

■ ग्राम डौकीडीह में श्रीमद् भागवत कथा जारी

श्रीकृष्ण व रुक्मिणी के विवाह प्रसंग पर कथावाचक ने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे तब ब्रज की गोपियां भगवान श्री कृष्ण के रथ



के आगे खड़ी हो गईं। कहने लगीं कि हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था, तो हमसे प्रेम क्यों किया। गोपी उद्धव संवाद व श्री कृष्ण एवं रुक्मिणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई। भगवान श्री कृष्ण रुक्मिणी प्रसंग पर समस्त श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों ने बारात निकाली व धूमधाम से विवाह कराया। तलैया वाले ठाकुर बाबा के महंत भगत रामनिवास धाकड़ के साथ उनकी धर्मपत्नी केशकली ने भगवान श्री कृष्ण और रुक्मिणी जी के पैर धोकर दान भेंट चढ़ाया। टेकूराम चंद्राकर ने बताया कि भागवत कथा का समय दोपहर 12 बजे से शाम 05 बजे तक है।

---

## शोक संतप्त परिजनों को दी गई सहायता राशि



**बालोद/कलंगपुर।** आत्मीय जनों की स्मृति में ग्राम कलंगपुर में गत दिनों दो दिवसीय भव्य मानसगान सम्मेलन का आयोजन जय बजरंग मानस मंडली एवं ग्राम विकास समिति व समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों ने हिस्सा लिया।

मानसगान सम्मेलन के समापन समारोह में आत्मीय जनों के परिवार वालों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय अधिकारी कर्मचारी संघ द्वारा गांव के एक युवक रमेश यादव के आकस्मिक निधन पर उनके परिजनों को 10 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

इस दौरान खिलानंद कुल्हारे, राकेश मंडावी, योगेश्वर निषाद, केशव वैष्णव, हरीश कुल्हारे, जीतू महतो, कुशल राम साहू, दिलीप कुल्हारे, पुरन धनकर, आनंद देवांगन, परमेश्वर साहू, दिलीप चंद जैन, पोखन सिन्हा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## सिवनी स्थित राधाकृष्ण मंदिर में मनाई गई मकर संक्राति

**बालोद।** ग्राम सिवनी के आदमाबाद स्थित राधाकृष्ण मंदिर में बुधवार को मकर संक्राति का पर्व मनाया गया। मंदिर समिति के सदस्य नरेंद्र सिन्हा व पंडित संतोष गोस्वामी ने बताया कि राधा कृष्ण मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मकर संक्राति का पर्व मनाया गया। प्रसाद के रूप में 50 किलो तिल व गुड़ झलमला गंगानगर, पुलिसलाइन सहित आसपास के मोहल्लों में वितरण किया गया।




## सुखाश्रय व घरौंदा पहुंचीं विधायक अनिला...



**डौडीलोहारा।** विधायक अनिला भेंडिया ने बालोद के सुख आश्रय व घरौंदा (बाल आश्रम) पहुंचकर वृद्ध माताओं बहनों भाईयों एवं दिव्यांग बच्चों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों को शाल भेंट किया। वहीं, दिव्यांग बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर अनिल लोढा प्रदेश प्रतिनिधि, गोपाल प्रजापति अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

---

# भाठागांव आर में मकर संक्रांति पर तीन दिन रहा उत्सव का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मकर संक्रांति के अवसर पर भाठागांव आर में भगवान सूर्य उपासक बाबा लक्षण जी महराज मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन, भव्य मेला महोत्सव तथा रात्रिकालीन कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई, मकर संक्रांति के दिन सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का भीड़ मंदिर में लगा रहा। ग्रामीण जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठजनों के आतिथ्य में मानसगान सम्मेलन का शुभारंभ तथा कलश सजाओ प्रतियोगिता एवं आरती की थाल सजाओ प्रतियोगिता संपन्न हुआ। तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन में राज्य की ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों का मंचन हुआ, जिसका श्रवण लाभ श्रद्धालुओं ने लिया। द्वितीय दिवस रात्रि में रिकार्डिंग डांस संस्था रंग लहर तथा तृतीय दिवस दुष्यंत हरमुख एवं रिंकी देवांगन कृत लोक सांस्कृतिक संस्था रंग झरोखा की रात्रिकालीन प्रस्तुति दी ई। कार्यक्रम में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू, लेखराम साहू संजय साहू व प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मकर संक्राति मेला महोत्सव समिति के अध्यक्ष रवि तिवारी, पदाधिकारियों सदस्यों एवं दानदाताओं का विशेष योगदान रहा।



---

मुख्य नगर पालिका अधिकारी चौबे ने नागरिकों से की अपील

# गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखें फिर स्वच्छता दीदियों को दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के वार्ड क्रमांक 01 में बन रहे प्राचीन मडियापाठ मंदिर का रेलिंग कार्य एवं नगर में चल रहे निर्माण कार्य का सीएमओ ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित ठेकेदार को समय सीमा में निर्माण कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बता दें के नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के अनुसार नगर पंचायत डौण्डीलोहारा अंतर्गत शासन से प्राप्त निर्देशानुसार प्रतिदिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौबे एवं कर्मचारियों के साथ प्रात भ्रमण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगरीय प्रशासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौबे ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य स्लम योजना के तहत संचालित एमएमयू का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लैब दवाईयों की उपलब्धता नियमित शिविर आदि का निरीक्षण किया। इसके अंतर्गत प्रत्येक दिवस निकाय के प्रधानमंत्री आवास, पेयजल, सफाई, बिजली, निर्माण कार्य, डोर टू डोर कचरा संग्रहण के कार्यों का निरीक्षण वार्ड में जा कर किया जा रहा है। इससे आम नागरिकों की समस्या का समाधान त्वरित किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौबे ने आम नागरिकों से अपील की है कि नगर को स्वच्छ रखने में अपना अहम योगदान दें। उन्होंने घर से निकलने वाले कचरे को खुले में ना फेंकें, डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाले स्वच्छता दीदियों को सूखा व गीला कचरा अलग करके देने की अपील की।

■ नगर में चल रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



---

भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर की मंडलस्तरीय बैठक में पदाधिकारियों के साथ हुई चर्चा

# चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुलकर पेश की दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर।

भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक जैन भवन जामगांव आर में हुई। त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव की चर्चा मार्गदर्शन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मंडल के समस्त नव नियुक्त समस्त बूथ अध्यक्ष गण, मंडल के सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, महामंत्री गण के बीच सकारात्मक वातावरण में चर्चा हुई।

बैठक में पूर्व विधायक डा दयाराम साहू भी मंचासीन रहे। इच्छुक लोगों ने खुलकर अपनी दावेदारी रखी। बैठक के मुख्य मार्गदर्शक केंद्रीय सहकारी बैंक दुर्ग पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बड़े सौभाग्यशाली हैं, जिनकी राज्य और केंद्र दोनों में सरकार है। दोनों सरकारों की जनहितकारी काम योजना को लेकर आमजनता के बीच जाएं और इस चुनाव में जनप्रतिनिधि बनकर महती भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि समन्वय बनाकर अपने साथी कार्यकर्ता को विजय श्री दिलाने का हर संभव प्रयास करें।

निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि भाजपा परिवार का कोई भी सदस्य आपस में नहीं लड़ें, बल्कि सामंजस्य बैठाकर एक दूसरे का सहयोग करें। पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत आपस में टीम भावना से काम करें और सफलता प्राप्त करें। इसके साथ ही उन्होंने अतिउत्साह से बचने को भी कहा। प्रतिद्वंद्वी की सामान्य दोस्ती नुकसानदेय मेल मिलाप से बचे, सरकार की उपलब्धि की अधिक से अधिक जानकारी आम जनता को दें।





